>

Title: Need to accord approval to the proposal of Gujarat for grant of financial assistance to schemes meant for welfare of workers employed in salt industry.

श्री नारनभाई काछडिया (अमरेली): मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहूंगा कि गुजरात राज्य में लगभग 70 प्रतिशत सामान्य नमक का उत्पादन होता है जो कि पूरे देश का लगभग 57 प्रतिशत उत्पादन है। इसके अलावा गुजरात राज्य देश का सबसे बड़ा नमक निर्यातक राज्य भी है। राज्य सरकार द्वारा लगभग 40 करोड़ रुपये साल राज्य में नमक उद्योग एवं उद्योग में लगे हुए मजदूरों के कल्याण हेतु खर्च किए जा रहे हैं। उपरोक्त के संबंध में मैं केन्द्र सरकार से ये अनुरोध करना चाहूंगा कि राज्य सरकार द्वारा नमक उद्योग एवं उद्योग में लगे हुए मजदूरों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा उचित मात्रा में अनुदान प्रदान करने की पहल करनी चाहिए। जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा यथाविधि केन्द्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को प्रस्ताव अग्रेषित किया जा चुका है, परन्तु उपरोक्त प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार द्वारा अभी तक कोई गंभीर कदम नहीं उठाया गया है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित नमक उद्योग से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता के आधार पर 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाए जिससे नमक उद्योग में लगे हुए हजारों-लाखों मजदूरों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की जा सकें।